दुराचार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर तीन लाख वसूले

मऊआइमा (प्रयागराज)। दुराचार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर तीन लाख रुपये वसूलने और अब पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप सामने आया है। मऊआइमा क्षेत्र के छाता (सिकरिया) गांव निवासी युवक ने एक दंपती सहित सात लोगों पर धमकी, मारपीट और रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दंपती को नामजद करते हुए पांच अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित विकास कुमार पटेल महाराष्ट्र के नासिक में नौकरी करता है। उसके मुताबिक, गांव का एक दंपती बच्चों के इलाज के नाम पर उससे रुपये मांगता था। जुलाई में महिला बच्चों के साथ नासिक स्थित उसके कमरे पर पहुंची और इलाज कराने तक कुछ दिन रुकने की बात कही। आरोप है कि अगले दिन उसका पति भी वहां पहुंच गया। करीब १५ दिन बाद विकास ने दोनों को कमरे से जाने के लिए कहा। विकास का आरोप है कि दो दिन बाद वह अपने गांव पहुंचा तो १४ अगस्त को दंपती पांच अज्ञात लोगों के साथ उसके घर आ धमका। आरोप है कि सभी ने महिला के साथ दुराचार करने का आरोप लगाते हुए तीन लाख रुपये की मांग की। रकम नहीं देने पर उसे और उसके पिता को दुराचार के मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी गयी। इस दौरान गालीगलौज

पांच लाख और मांगे

और मारपीट करने का भी आरोप है। पीड़ित के अनुसार, ग्रामीणों और ग्राम प्रधान के बेटे के पहुंचने पर मामला शांत कराने का प्रयास हुआ। बदनामी के डर से उसने ढाई लाख रुपये नकद और ५० हजार रुपये ग्राम प्रधान के बेटे के खाते में दिए।

आरोप है कि तीन लाख रुपये लेने के बाद भी पांच लाख रुपये और मांगे जाने लगे। विकास ने नौ सितंबर को पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी। गुरुवार को मऊआइमा पुलिस ने उसकी तहरीर पर छाता (सिकरिया) निवासी पूजा सरोज, उसके पति सुदर्शन सरोज और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस का कहना है कि मामलेकी जांच की जा रही है।

अपहरण एवं सामूहिक दुराचार के मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

बाल अपचारी भी हिरासत में

खीरी (प्रयागराज)। खीरी थाना क्षेत्र के एक गांव से १५ वर्षीय किशोरी के अपहरण के मामले में वांछित आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

किशोरी के बरामद होने के बाद उसके बयान के आधार पर मुकदमे में सामूहिक दुराचार और पाक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गयी थीं। मामले में शामिल एक बाल अपचारी को भी पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर विधिक कारर्वाई के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

पुलिस के अनुसार किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि एक बाल अपचारी उनकी १५ वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू की। बरामदगी के बाद किशोरी के बयान दर्ज किये गये।

बयान के आधार पर विवेचना में सामूहिक दुराचार और पाक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। विवेचना के दौरान खोचा पंवारी निवासी रविशंकर पुत्र अशोक कुमार की संलिप्तता सामने आने के साथ एक अन्य बाल अपचारी का नाम भी प्रकाश में आया।

दोनों की तलाश की जा रही थी। थाना प्रभारी निरीक्षक वीर प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कारर्वाई करते हुए रविशंकर को लपरी नदी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

वहीं बाल अपचारी को भी अभिरक्षा में लेकर आवश्यक विधिक कारर्वाई पूरी की गयी। पुलिस मामले की विवेचना जारी रखते हुए अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।



छत के ऊपर गुजरता ४४० वोल्ट का खुला तार।



बारिश से बर्बाद धान की फसल देखकर बिलखती महिला।

बारिश ने बर्बाद की धान की फसल, किसान मायूस

मऊआइमा (प्रयागराज)। बुधवार शाम तेज हवाओं के साथ हुई तूफानी बारिश ने मऊआइमा क्षेत्र में धान की तैयार फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। गुरुवार सुबह खेतों में बर्बाद फसल देखकर किसानों की आंखों से आंसू छलक पड़े। भरतपुर गांव की नीलम देवी अपनी फसल बर्बाद होने से इतनी परेशान हुईं कि खेत में ही बैठकर फफक-फफक कर रोने लगीं। बेटियों ने किसी तरह उन्हें संभाला।

जानकारी के अनुसार बुधवार शाम तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इससे दमदपुर, कटभर परेजपुर, नौगीरा, बादीपुर, मऊदोस्तपुर, दुबाही, बसौना पुर सहित दर्जनों गांवों में खेतों में तैयार धान की फसल टूटकर जमीन पर बिछ गयी। कई खेतों में पानी भर जाने से फसल के और खराब होने की आशंका है। किसानों मनोहर, विष्णु प्रकाश, अनिल, ओमप्रकाश, राजेश पटेल और रमेश पटेल ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर धान की खेती की थी। पहले हुई बारिश से हुए नुकसान की भरपाई भी नहीं हो पाई थी कि दोबारा हुई बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पीड़ित किसानों ने शासन-प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों में फसल नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

फसल बर्बाद होने से बेटियों की शादी टली

भरतपुर गांव की नीलम देवी की धान की फसल बर्बाद होने से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। नीलम देवी ने बताया कि उनके पति रमेश दिल्ली में मजदूरी करते हैं। दोनों बेटियों पूनम और कल्पना की शादी नवंबर में तय थी। परिवार को उम्मीद थी कि धान की फसल बेचकर शादी की तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी, लेकिन बारिश ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

फसल बर्बाद होने के बाद गुरुवार को नीलम देवी को बेटियों की शादी की तारीख आगे बढ़ाने के लिए वर पक्ष से बात करनी पड़ी। अब परिवार मार्च २०२७ में बेटियों की शादी कराने की तैयारी कर रहा है। नीलम देवी ने बताया कि कर्ज चुकाने के लिए उन्हें जमीन का कुछ हिस्सा बेचने की मजबूरी भी सामने आ गयी है। परिवार का कहना है कि पहले की बारिश से हुए नुकसान की भरपाई भी नहीं हो पाई थी और दोबारा हुई तूफानी बारिश ने आर्थिक स्थिति और खराब कर दी। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से फसल नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। खंड विकास अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि नुकसान के आकलन के लिए गुरुवार को ग्राम पंचायत सचिव और लेखपाल क्षेत्र में जाएंगे। उनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कारर्वाई की जायेगी।

बीएसएफ जवान की मौत से गांव में शोक

मांडा (प्रयागराज)। मांडा थाना क्षेत्र के नहवाई गांव निवासी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में तैनात सिपाही अखिलेश कुमार तिवारी उर्फ दीपू (४०) की बीमारी के दौरान मौत हो गयी। उनके निधन की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

ग्रामीणों ने भी शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। अखिलेश कुमार तिवारी पुत्र जीत लाल तिवारी पीलीभीत जिले में भारत-नेपाल सीमा पर सिपाही के पद पर तैनात थे। बताया गया कि अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ और उनका वहीं उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। अखिलेश छह भाइयों में चौथे स्थान पर थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पत्नी पूनम देवी और १२ वर्षीय बेटे सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में सहनशक्ति देने की प्रार्थना की।



नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालयमें मंचासीन अतिथि।

एनजीबी में अतिथि व्याख्यान, विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों की जानकारी

हनुमानगंज (प्रयागराज)। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, क्षेत्रीय निदेशालय प्रयागराज के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया गया।

मुख्य वक्ता क्षेत्रीय निदेशालय प्रयागराज के शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार एवं विवेक सिंह ने विद्यार्थियों को रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार पाने के लिए कौशल विकास और बाजार की मांग के अनुरूप स्वयं को तैयार करना जरूरी है। विद्यार्थियों को कौशल एवं बाजार की जरूरतों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने के संबंध में भी जानकारी दी गयी। अध्यक्षीय उद्बोधन कुलपति प्रो. बी.बी. तिवारी ने दिया। प्रतिकुलपति डा. एस.सी. तिवारी, कुलसचिव एस.एस. मिश्रा और डीन एकेडमिक्स डा. सब्यसाची की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. यासमीन बानो ने किया। कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी असिस्टेंट प्रोफेसर डा. बालेंद्र शुक्ल ने दी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डा. आदि नाथ ने किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रो. बीना बुदकी को मिला 'राष्ट्र गौरव सम्मान'

चाकघाट (प्रयागराज)। हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत संस्था हिंदी कश्मीरी संगम की अध्यक्ष प्रो. बीना बुदकी को गोवा के राज्यपाल पूसापति अशोक गणपति राजू ने लोक भवन में आयोजित समारोह में 'राष्ट्र गौरव सम्मान' से सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में राज्यपाल ने साहित्य, शिक्षा, खेल और सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले १४ लोगों को सम्मानित किया।

चाय-पान की दुकान में लगी भीषण आग

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के इंदलपुर डांडी में बुधवार तड़के चाय-पान की दुकान में भीषण आग लगने से दुकान का पूरा सामान जलकर राख हो गया।

बांस, फूस, लकड़ी और पन्नी से बनी झोपड़ी कुछ ही देर में आग की लपटों में घिर गयी। हादसे के बाद १०-१२ सदस्यों वाले परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इंदलपुर डांडी निवासी ननके ने झोपड़ी में चाय-पान की छोटी दुकान खोल रखी थी। इसी दुकान की कमाई से परिवार का रोजमर्रा का खर्च चलता था। घटना तड़के करीब ३ से ४ बजे के बीच हुई।

आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुकान में बिजली का कनेक्शन भी नहीं था।

ऐसे में शार्ट सर्किट की आशंका से स्थानीय लोगों ने इनकार किया है। कुछ लोगों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान में आग लगाए जाने की आशंका जताई है। हालांकि आग लगने का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। सुबह परिजन मौके पर पहुंचे तो वहां झोपड़ी के नाम पर सिर्फ राख बची थी। दुकान का पूरा सामान जलने से परिवार की आय का साधन भी खत्म हो गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने और आग की घटना की जांच कर दोषी के खिलाफ कारर्वाई की मांग की है।

एनएच-३० पर २५ किमी के भीतर दो टोल बैरियर, एक हटाने की मांग

चाकघाट (प्रयागराज)। राष्ट्रीय राजमार्ग-३० पर नारीबारी के समीप गन्ने टोल प्लाजा और रीवा की ओर सोहागी पहाड़ पर स्थित टोल बैरियर के बीच करीब २५ किलोमीटर की दूरी होने को लेकर वाहन चालकों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों ने दोनों टोल प्लाजा के बीच की दूरी और दोहरी वसूली की व्यवस्था की जांच कर एक टोल हटाने की मांग की है। केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार एक ही राष्ट्रीय राजमार्ग के समान दिशा में दो शुल्क प्लाजा के बीच सामान्य दूरी ६० किलोमीटर निर्धारित है।

नशीले पदार्थों की बिक्री का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

मांडा (प्रयागराज)। मांडा क्षेत्र में नशीले पदार्थों की कथित बिक्री से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में है। वीडियो में ड्रग्स और स्मैक की बिक्री का दावा किया गया है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

बताया गया कि करीब एक महीने पहले मुंबई क्राइम ब्रांच ने मांडा के कोसड़कला गांव स्थित एक खेत से करीब १४० करोड़ रुपये कीमत का एमडी ड्रग्स बरामद किया था। इस कारर्वाई के बाद क्षेत्र में नशीले पदार्थों को लेकर चर्चा तेज हो गयी थी। अब मांडा के नहवाई गांव निवासी और अवध विश्वविद्यालय के छात्र अभय तिवारी ने कथित तौर पर स्टिंग आपरेशन कर नशीले पदार्थों की बिक्री का खुलासा करने का दावा किया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभय तिवारी ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कारर्वाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाने के लिए प्रभावी कारर्वाई जरूरी है। साथ ही कारर्वाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पुलिस और प्रशासन की जांच के बाद ही वायरल वीडियो में किये गए दावों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

छत से महज दो फीट ऊपर दौड़ रहा ४४० वोल्ट का खुला तार

सुगारी गांव में विद्युत विभाग की लापरवाही से परिवार दहशत में

नैनी (प्रयागराज)। सुगारी गांव में विद्युत विभाग की कथित लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। एक गरीब परिवार के मकान की छत से महज दो फीट ऊपर ४४० वोल्ट का नंगा तार गुजर रहा है। छत के बेहद करीब से गुजर रहे तार के कारण परिवार के लोग अनहोनी की आशंका से दहशत में हैं। पीड़ित ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में करछना के अधिकारियों और जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर तार हटवाने की मांग की है।

परगना अरैल के सुगारी गलीबाबाद निवासी मुकुन्द बिहारी पुत्र स्व. नन्दलाल ने अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह कन्नौजिया धोबी समुदाय से हैं और कपड़े धोकर मेहनत-मजदूरी से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका आरोप है कि गांव के कुछ लोगों की मिलीभगत से विद्युत विभाग ने उनके मकान की छत के ऊपर से नंगा तार खींच दिया है।

पीड़ित का कहना है कि तार छत से महज दो फीट की ऊंचाई पर है। रात के समय परिवार का कोई सदस्य अनजाने में छत पर पहुंच जाए तो गंभीर हादसा हो सकता है। आरोप है कि पूर्व में तहसील दिवस और उपजिलाधिकारी के आदेश पर विद्युत विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन इसके बावजूद तार हटाने की दिशा में कोई कारर्वाई नहीं हुई। मुकुन्द बिहारी के मुताबिक मकान के बगल में ही विद्युत पोल लगा है। उनका कहना है कि तार को पोल के रास्ते सुरक्षित तरीके से ले जाया जा सकता है, लेकिन शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

पीड़ित ने प्रशासन से मौके पर सक्षम अधिकारी भेजकर निरीक्षण कराने और छत के ऊपर से गुजर रहे खतरनाक ४४० वोल्ट के तार को तत्काल हटवाने की मांग की है, ताकि परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



शुआट्स में तमिल लेखक सामुएल वेदनायगम पिल्लै की द्विशताब्दी जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोग।

शुआट्स में तमिल लेखक सामुएल वेदनायगम पिल्लै की द्विशताब्दी जयंती मनी

नैनी (प्रयागराज)। शुआट्स के अंग्रेजी विभाग की ओर से आधुनिक तमिल साहित्य के अग्रणी लेखक सामुएल वेदनायगम पिल्लै (१८२६-१८८९) की २००वीं जयंती गुरुवार को उत्साह के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम में साहित्य और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया।

मुख्य वक्ता अंग्रेजी विभाग के प्रमुख एवं डीन प्रो. आशीष अलेक्जेंडर ने अपने प्रेरक व्याख्यान में सामुएल वेदनायगम पिल्लै के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विभाग की गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने तथा विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और क्षेत्रों को जोड़ने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लेखक के जीवन परिचय की प्रस्तुति दी और उनके उपन्यासों के अंशों का पाठ किया। तमिल भाषा एवं साहित्य के इतिहास पर भी चर्चा हुई। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत तमिल राष्ट्रगान कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। व्याख्यान के बाद प्रो. विल्सन जयरसन, डा. क्लिंसेगा जयरसन, डा. शिवानी एस. वर्मा और डा. अफसरा स्टैनली ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों ने किया। इस अवसर पर प्रो. निशि त्रिपाठी, डा. महक हसन, डा. हीरा बोस, मिस जेनिथ डेनिस, मिस अंकिता नाथ, श्री श्रीकांत श्रीवास्तव, डा. पी. स्टैनली, श्री सैम ब्राइट, डा. लालचुंगनुंगा गंगटे सहित विभाग के शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे।

पेरेंट्स काउंसलिंग में अभिभावकों को दी योजनाओं की जानकारी

मऊआइमा (प्रयागराज)। ब्लाक संसाधन केंद्र हरिसेनगंज में बुधवार को पेरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब ५० अभिभावकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी मऊआइमा सुमन मिश्रा की मौजूदगी में भूपेंद्र तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम में अभिभावकों को दिव्यांग प्रमाणपत्र, स्टाइपेंड, एस्कार्ट सुविधा और एक्सपोजर विजिट सहित दिव्यांग बच्चों के विद्यालय आने-जाने से जुड़ी विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी गयी। अभिभावकों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान को लेकर चर्चा की गयी। कार्यक्रम के समापन पर सभी अभिभावकों को भोजन कराया गया। इस दौरान लाल बहादुर, अजय कुमार, प्रवीण शुक्ला, साधना शुक्ला, शशि गुप्ता, कुसमा द्विवेदी, अजीत कुमार, अंकुश और मिताली सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



आग से जली चाय की दुकान।

नि:शुल्क नेत्र शिविर में ४५० मरीजों की जांच, २०० को चश्मे बांटे

मांडा (प्रयागराज)। मांडा क्षेत्र के बहेलियापुर, बरहा कला में जनसेवक इंद्रदेव शुक्ल के नेतृत्व में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब ४५० मरीजों की आंखों की जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जांच के बाद २०० लोगों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किये गए, जबकि १५० मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध करायी गईं।

शिविर में जांच के दौरान १५ मरीजों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चिह्नित किया गया, जिन्हें आपरेशन के लिए भेजा जायेगा। चिकित्सकों ने मरीजों को आंखों की देखभाल और उपचार से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी। इस दौरान क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली गयी। आयोजकों ने जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए आगे भी प्रयास जारी रखने की बात कही। शिविर में भाजपा मंडल महामंत्री मोतीलाल पटेल, शक्ति केंद्र संयोजक बेनी माधव गौड़, राकेश प्रजापति, रमाकांत प्रजापति, शिवपूजन पटेल, शिवा पटेल, लालचंद भारती, फूलचंद्र भारती, नीरज द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित

बरगढ़ (चित्रकूट)। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत मंगलवार को आईटीआई कर्वीना, बरगढ़ में बैटरी टेक्नीशियन और ड्रोन टेक्नीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष निशेंद्र प्रताप सिंह ने प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कौशल विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य किया जा रहा है। बैटरी और ड्रोन तकनीक जैसे उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इन क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री विनय जैन, समाजसेवी हेतराम शुक्ल, प्रधानाचार्य समरजीत सिंह, एडमिन शत्रुघ्न प्रजापति सहित कर्मचारी और समाजसेवी मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के प्रशिक्षित विद्यार्थी प्रमाणपत्र के साथ।

निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने वन्यजीव संरक्षण का दिया संदेश

बरगढ़ (चित्रकूट)। वन्यजीव सप्ताह के पांचवें दिन मंगलवार को वन विभाग बरगढ़ रेंज की ओर से पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज बरगढ़ में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में कक्षा ९, १० और १२ की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। छात्राओं ने वन एवं वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर अपने विचार निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में शैलशा शुक्ला ने प्रथम, नम्रता केसरवानी ने द्वितीय और शिमरन द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा, संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। वन कर्मियों ने वन्यजीवों के महत्व, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी।

विद्यार्थियों से वन एवं वन्यजीव संरक्षण में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्यजीवों और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने तथा संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर वन रक्षक राजकुमार यादव, वन रक्षक श्याम शिरोमणि आदि उपस्थित रहे।



निबंध प्रतियोगिता की विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि।

पुलिस सहायता बूथ के पास मोबाइल छीनकर भागे, एक आरोपित गिरफ्तार

मेजारोड (प्रयागराज)। पुलिस सहायता बूथ से महज ५० मीटर की दूरी पर बाइक सवार दो युवकों ने एक युवक के हाथ से झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लिया और प्रयागराज की ओर भाग निकले। मामले में मेजा पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छीना गया वीवो मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को उदित वर्मा पुत्र विजय वर्मा मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहे थे। मेजारोड चौराहे पर वह मोबाइल फोन से बात कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और फरार हो गये। घटना पुलिस सहायता बूथ से करीब ५० मीटर की दूरी पर होने से आसपास के लोगों में भी चर्चा रही।

पीड़ित ने घटना की जानकारी मेजारोड चौकी प्रभारी हरिओम सिंह को देते हुए लिखित शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू की। मेजा प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय के निर्देशन में उपनिरीक्षक हरिओम सिंह और पुलिस टीम ने बुधवार देर रात चकसंगतदास गांव निवासी मुकेश पटेल पुत्र अमर प्रकाश पटेल को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी में उसके पास से छीना गया मोबाइल फोन बरामद हुआ। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दूसरे आरोपित की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

मऊआइमा में भारी वाहनों की आवाजाही से बढ़ी परेशानी

मऊआइमा (प्रयागराज)। नगर पंचायत क्षेत्र में ट्रकों और कंटेनरों की बढ़ती आवाजाही से जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। ओवरब्रिज निर्माण के चलते कलंदरपुर मार्ग और फोरलेन हाइवे की ओर से आने वाले भारी वाहन कस्बे में प्रवेश कर रहे हैं। संकरी सड़कों के कारण तीनबत्ती चौराहे से आजमपुर और सदर बाजार तक आए दिन जाम लग रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऊंचाई तक सामान लादकर गुजरने वाले ट्रकों से मकानों, बिजली के खंभों और केबलों को नुकसान का खतरा बना रहता है। जाम के कारण ई-रिक्शा, बाइक, साइकिल और पैदल राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का आरोप है कि सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण समस्या लगातार बनी हुई है।**ओवरब्रिज निर्माण से कारोबार भी प्रभावित**-ओवरब्रिज निर्माण के कारण सदर बाजार, तीनबत्ती, नाटी इमली और चुनौटा कुआं क्षेत्र के दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित होने की बात सामने आई है। दुकानदारों के अनुसार निर्माण शुरू होने के बाद बाहर से आने वाले ग्राहकों की संख्या कम हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग से कटायी मिलने के बाद लूटमार चौराहे के रास्ते कस्बे तक पहुंचने में अतिरिक्त दूरी और समय लग रहा है।नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी मीनाक्षी चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए पैमाइश और निशानदेही करायी जा चुकी है। प्रभावित मकान मालिकों और दुकानदारों को नोटिस भी जारी किये गये हैं। प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद चौड़ीकरण की कारर्वाई शुरू की जाएगी। सेतु निगम के अवर अभियंता अजीत कुमार कुशवाहा ने बताया कि ओवरब्रिज के बगल से बाइक, साइकिल और पैदल राहगीरों के लिए रास्ता दिया गया है। निर्माण शुरू होने से पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग से कटायी के बाद नगर पंचायत क्षेत्र की ओर जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया गया था।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३४५)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।